(d) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) and (b) With a view to prevent congestion on the platforms, a ban was imposed on increase in the number of stalls|trolleys|vendors by the Zonal Railways in 1985 at certain important stations including Delhi, New Delhi and Hazrat Nizamuddin. However, this ban does not apply to new platforms and concourses.

(c) and (d) No, Sir. Permission however, was given for installation of few automatic vending machines for serving beverages of standard and uniform quality and quantity to meet the passengers requirements.

उत्तर प्रदेश में नई रेल लाइनें बिछाने के लिए सर्वेक्षण

849. श्रीमती सत्या बहिन : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में उन क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जहां नई रेल लाइन बिछाने के लिए सर्वेक्षण किया गया है; और

(ख) इस कार्य के कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) 1980 से किए गए सर्वेक्षण का ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

क्रम सं.	खंड (कि.मी.)
1.	बाबतपुर-भदोही बड़ी लाइन रेल सम्पर्क (36.112 कि.मी.)।
2.	धामपुर-अफजलगढ़, काल गढ़ अफजलगढ़-अलीगंज बड़ी लाइन रेल सम्पर्क (80.113 कि.मी.)।
	धामपुर-अफजलगढ़-कालागढ़।
	अफजलगढ़-काशीपुर (77.166 कि.मी.)।
3.	माधोगंज-औहदपुर: बड़ी लाइन रेल सम्पर्क का पुनःस्थापन (26.87 कि.मी.)।
4.	मिर्जापुर-भदोही बड़ी लाइन रेल सम्पर्क (38.04 कि.मी.)।
5.	बड़ी लाइन खंड पर शाहगंज-सुल्तानपुर-अमेठी-गढ़ी मानिकपुर (गटनी) रेल लाइन (178.954 कि.मी.)।
6.	खुर्जा-पलवल-रेवाड़ी-रोहतक बड़ी लाइन (210.48 कि.मी.)। (बड़ा भाग हरियाणा में)।

(ख) उपर्युक्त सभी मामलों में सभी परियोजनाएं अलाभप्रद पाई गई हैं और सर्वेक्षण से पता चला है कि यातायात की संभावनाएं अपर्याप्त हैं। तथापि, चूंकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में परिवहन संबंधी अवसंरचना में सुधार के लिए क्रम. सं. 6 की परियोजना अपेक्षित हो सकती हैं इसलिए इसे आठवीं योजना में शामिल करने के बारे में विचार किया जायेगा। इस परियोजना का पूरा होना आगामी वर्षों में संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा।